## संक्षिप्त समाचार

# रिज़ाग-ला निशानेबाज़ी प्रतियोगिता संपन्न हुई



**जयपुर।** हाल ही में आयोजित चतुर्थ रिज़ाग-ला निशानेबाज़ी प्रतियोगिता दी वेंकेटेश्वर विद्यालय गुडगांव में सम्पन्न हुई। जिसमें दी लीजेंड शूटिंग अकादमी से भूपेंद्र सिंह सिसोदिया व चहकप्रीत कोर ने अपने अथक प्रयासो को साबित कर भूपेंद्र सिंह ने 10 मीटर एयर राइफल में (एनआर) सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक व चहकप्रीत कोर ने 10 मीटर एयर राइफल (आईएसएसएफ) जूनियर विमंस में कांस्य पदक हासिल किया। लोकडाउन में भी भूपेंद्र सिंह ने अपने कोच श्री गजेंद्र सिंह राणावत के साथ रह कर उनके घर पर प्रयास जारी रखा व चहक प्रीत ने घर पर ही बड़ी मशक्कत से प्रयास प्रयास जारी रखा।

# पंजाबी कुड़िया शोशल ग्रुप की ओर तीज का त्योहार मनाया गया



**जयपुर।** पंजाबी कुड़िया शोशल ग्रुप की ओर से वेशाली नगर पार्क मे तीज का त्योहार मनाया गया ग्रुप सदस्य पिंकी खत्री ने बताया की तीज पर हम सब ग्रुप मेम्बर ने पहले तीज माता की पूजा करते हुए लहरिया उत्सव मनया सदस्य रेखा भाटिया ने बताया सभी ने मेहंदी लगाई झुले खाए मनोरंजन गेम खेले सभी ने घेवर के आनंद के साथ सावन के गीतों पर डांस भी किया अंत में सभी का धन्यवाद दिया।

# जनजाति उपयोजना क्षेत्र में जलाशयों का आवंटन आरक्षित दर पर किया जायेगा

**जयपुर।** जनजाति उपयोजना क्षेत्र में अवस्थित तथा पंचायती राज विभाग के अधीनस्थ जलाशयों पर स्थानीय जनजाति मछुआरों द्वारा गठित एवं पंजीकृत जनजाति मत्स्य सहकारी समितियों के माध्यम से मछली पकडने का रोजगार अब आरक्षित दर पर उपलब्ध हो सकेगा। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान मत्स्य नियम, 1958 को संशोधित कर राजस्थान मत्स्य (संशोधन) नियम, 2021 बनाया गया है, जिसके अन्तर्गत राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में स्थित जलाशयों को पंजीकृत जनजाति मछुआरा सहकारी समिति को आरक्षित मूल्य पर आवंटित किया जा सकेगा। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि विश्व जनजाति दिवस पर डूंगरपुर जिले के अन्तर्गत डूंगरपुर पंचायत समिति के 3, दोवडा पंचायत समिति के 2, झौंथरी पंचायत समिति के अधीनस्थ 1 जलाशय एवं बांसवाडा जिले की गढ़ी पंचायत समिति के जलाशय पर गठित पंजीकृत जनजाति मत्स्याखेट सहकारी समिति के सदस्यों को जिला कलक्टर, डूंगरपुर तथा बांसवाडा द्वारा मत्स्याखेट अनुज्ञा पत्र प्रदान किये गये। आयुक्त ने बताया कि अनुज्ञा पत्र प्राप्ति से स्थानीय क्षेत्र में निवासरत जनजाति मत्स्याखेट सहकारी समितियों के सदस्यों को जहां एक ओर रोजगार प्राप्त होगा। वहीं दूसरी ओर अनुज्ञप्ति प्राप्ति हेतु प्रतिस्पर्धा से बचा जा सकेगा।

# अजमेर में मोहर्रम पर गाइडलाइंस को लेकर रासजस्थान पुलिस सख्त

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर में चल रहे मोहर्रम (मिनी उर्स) पर अजमेर पुलिस कोरोना गाइडलाइंस को लेकर काफी सख्ती बरत रही है। मोहर्रम की एक तारीख यानि कल रात आठ बजे जायरीनों से दरगाह को खाली करा लिया गया, क्योंकि राजस्थान सरकार के जन अनुशासन अनलाक के तहत दरगाह में आठ बजे तक की ही छूट है। इसी नियम की पालना में दरगाह शरीफ में केवल खादिमों अथवा मोहर्रम की धार्मिक रसूमातों को निभाने वालों को ही रहने दिया गया। शेष सभी को कोरोना नियमों का हवाला देकर रवाना कराया गया। उधर, दरगाह थाना पुलिस ने सावधानी बरतते हुए अभी से मोहर्रम पर ताजिये की सवारी एवं हाईदोस खेलने वाले करीब 400 लोगों को पाबंद किया है, ताकि कोरोना नियमों की पालना के साथ साथ दरगाह क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति बनी रहे। खादिमों और अंदरकोटियान समिति ने पुलिस के इस कदम का विरोध किया है।

# एसएमएस स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का पूर्वाभ्यास

**जयपुर।** स्वाधीनता दिवस पर 15 अगस्त 2021 को सवाईमान सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम गुरूवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले परेड, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पुलिस व लोक कलाकरों के देश भक्ति के कार्यक्रम, बैंड वादन, डॉग शो आदि कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने अपूर्व जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। प्रमुख शासन सचिव गृह एवं जनसम्पर्क विभाग श्री अभय कुमार के मुख्य अथित्य में आयोजित इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में सामान्यं प्रशासन विभाग की शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ भी उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन श्री अरूण जोशी, अतिरिक्त निदेशक जनसम्पर्क विभाग एवं डॉ. ज्योति जोशी ने किया।



*__जयपुर।__ आचार्य पंडित नारायण लाल शास्त्री के सानिध्य में श्रावण के पावन पवित्र महीने में शिव जी का सहस्त्र घट मंत्र जाप अनुष्ठान पूजा पाठ सुख शांति के लिए करते हुए निर्माण नगर श्री सत्यम शिवम सुंदरम आश्रम कस्तूरबा नगर में किया गया।*

# जैन साध्वी के अपहरण की कहानी झूठी निकली

### 21 साल की अनुया बोली- मैं अपनी मर्जी से गई थी, कठिन था जैन समाज के नियमों का पालन



**जोधपुर/एजेंसी।** जोधपुर से जैन साध्वी के अपहरण का मामला सामने आया। बुधवार की रात ही साध्वी को सीकर के फतेहपुर से पुलिस ने बरामद कर लिया। साध्वी ने पुलिस के सामने कहा- %मेरा अपहरण नहीं हुआ है। मैं अपनी मर्जी से ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों के साथ जा रही हूं। मैं लंबे समय से ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के संपर्क में हूं। वहां के कामकाज और रहन-सहन को लेकर वाकिफ हूं। जैन समाज में कठिन नियमों का पालन करना दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा था। इसलिए ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ना चाहती हूं।% उधर, जैन समाज के सभी धड़ों से जुड़े प्रमुख लोगों की बैठक होने जा रही है, जिसमें इस मामले को लेकर मंथन किया जाएगा। जोधपुर के महामंदिर, प्रथम पोल जैन स्थानक से बुधवार की दोपहर जैन साध्वी 21 वर्षीय अनुया के अपहरण की सूचना आई। कहा गया कि कार में आए दो पुरुष और दो महिलाओं ने मिलकर इस जैन साध्वी का अपहरण किया। घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने पूरे प्रदेश में नाकाबंदी कराई गई। रात को कार सीकर के फतेहपुर में पकड़ी गई। इसमें जैन साध्वी के अलावा 4 अन्य लोग थे। चारों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। सभी को गुरुवार सुबह जोधपुर लाया गया। महामंदिर थानाधिकारी लेखराज सिहाग के अनुसार, 21 वर्षीय साध्वी अनुया ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि वह स्वेच्छा से चारों के साथ गई थीं। मेरे ऊपर किसी प्रकार का दबाव नहीं था। ये चारों लोग (दो महिलाएं व दो पुरुष) ब्रह्माकुमारी से जुड़े हैं। साध्वी ने इन लोगों के साथ ही जाने की इच्छा जताई है। फिलहाल साध्वी सहित पांचों लोग महामंदिर पुलिस थाने में हैं। इनके बयान लिए जा रहे हैं। साध्वी अनुया के बचपन में ही माता-पिता गुजर गए थे। फिर 13 साल की उम्र में साध्वी बन गई थी। साध्वी के मामले को लेकर जैन समाज के सभी धड़ों से जुड़े प्रमुख लोगों की गुरुवार को बैठक होने जा रही है। समाज के लोगों का मानना है कि यदि साध्वी समय रहते बता देती कि उसे ब्रह्माकुमारी के साथ रहना है तो हम लोग उसे ससम्मान विदा कर देते। इस तरह चुपके से गायब होने पर संशय पैदा हो गया। समाज के लोग अब साध्वी के बारे में मिलकर फैसला करेंगे। सूत्रों का कहना है कि यह साध्वी लंबे अरसे से ब्रह्मकुमारी के संपर्क में थी। उनके कार्य और रहन-सहन के बारे में अच्छी तरह से वाकिफ है। यह भी कहा जा रहा है कि साध्वी ने अपने निकट के कुछ लोगों से कहा था कि जैन समाज में कठिन नियमों का पालन करना उसके लिए दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। वह ब्रह्मकुमारी संस्थान से जुड़ना चाहती हैं। दूसरी ओर, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जैन साध्वी आखिरकार ब्रह्माकुमारी संस्थान के लोगों के संपर्क में कैसे आई।

## वासुदेव देवनानी ने की विद्यालय महाविद्यालय खोलने की मांग की

**अजमेर।** राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं अजमेर विधायक वासुदेव देवनानी ने राज्य सरकार से अविलंब स्कूल, महाविद्यालय को खोले जाने की मांग की है। अजमेर में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह पहले से ही चरणबद्ध तरीके से शिक्षण संस्थाओं को खोलने की मांग करते आ रहे हैं क्योंकि कि विद्यालयों, महाविद्यालयों में जो पढ़ाई का वातावरण मिलता है, वह आनलाइन नहीं मिल पाता। शिक्षा का पर्याय कभी आनलाइन माध्यम बन ही नहीं सकता उन्होंने कहा कि बहुत बड़े विद्यार्थियों के वर्ग के पास स्मार्ट फोन नहीं है। ऐसे में उसके शैक्षणिक समय का सीधे सीधे नुकसान स्वभाविक है। उन्होंने कोरोना के दृष्टिगत विषय विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि बच्चों में एन्टीबाडिज पर्याप्त मात्रा में बनता है।

# राजस्थान प्रदेश भारत समाजसेवक 70वां स्थापना दिवस मनाया गया



**जयपुर/ब्यूरो।** आज दिनांक 12 अगस्त को राजस्थान प्रदेश भारत सेवक समाज कार्यालय बाबा हरिशचंद्र मार्ग चांदपोल बाजार में 70वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसके अध्यक्षता अरविंद मेठी पार्षद वार्ड नंबर 71 भारत सेवक समाज अध्यक्ष मीरा कुमारी ने नेहरू जी एवं गुलजारी लाल नंदा जी के फोटो पर माला अर्पण कर दीप प्रज्वलन करके एवं पौधारोपण कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया उन्होंने कोरोना लाइन की पालना करते हुए संस्था की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई संस्था के विभिन्न पदाधिकारी समारोह में भाग लिया अंत में आजादी के अमृत महोत्सव को मनाते हुए राष्ट्रीय गान गीत गाकर समारोह का समापन किया। इस मौके पर डॉक्टर विशंभर दयाल चक्रवर्ती रामनारायण भटनागर नवल किशोर शर्मा हेमलता शर्मा राम शरण अब्दुल रफीक उर्मिला शेखावत रितु पारीक वर्गो सांस्कृतिक संस्था रूपाली राव रवि कश्यप सुनील जैन आदि मौजूद थे।

# भीलवाड़ा खदान हादसे की भयावह तस्वीर, एक साथ 6 लोगों का हुआ अंतिम संस्कार



**भीलवाड़ा/एजेंसी।** भीलवाड़ा में बुधवार को लाछुड़ा की अवैध खदान धंसने से 7 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 युवती और 4 युवक थे। गुरुवार सुबह इनमें से छह लोगों की लाश एक साथ केमरी गांव आई। सातवीं लाश लापलिया खेड़ा गांव पहुंची। केमरी गांव से गणेश, कन्हैया, प्रहलाद, हिंगलाज, धर्मा और मीना हंसते मुस्कुराते मजदूरी करने लाछुड़ा के लिए निकले थे। गुरुवार सुबह इन छह लोगों के शव एक साथ गांव में आए। शवों को देख गांव में कोई भी अपने आंसू नहीं रोक पाया। सभी 6 लोगों का एक साथ केमरी गांव में अंतिम संस्कार हुआ। आसींद थाना क्षेत्र के लाछुड़ा गांव में अवैध माइनिंग का मलबा ढहने से 7 मजदूरों की मौत हो गई थी। गुरुवार सुबह इनका अंतिम संस्कार किया गया। 6 मजदूर केमरी गांव के थे। वहीं, सातवीं मीना लापलिया की रहने वाली थी। इन सभी के शवों को बुधवार देर रात मलबे से निकाल लिया गया था। करेड़ा अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद गुरुवार सुबह परिजनों को सौंप दिया गया। मांडल विधायक रामलाल जाट, करेड़ा एसडीएम महिपाल सिंह, करेड़ा तहसीलदार हरेन्द्रसिंह, आसींद सीओ रोहित मीणा व करेड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र गोदारा ने मृतकों के परिवारों को सांत्वना दी। कोराना काल के बाद से ही रोजगार पूरी तरह से ठप हो गए थे। मृतकों को भी अपने स्थानीय क्षेत्र में रोजगार नहीं मिल पा रहा था। अपना पेट पालने के लिए यह सभी सस्ती मजदूरी होने के बावजूद 25 किलोमीटर दूर लाछुड़ा माइंस पर खनन करने के लिए जाते थे। बताया जा रहा है कि इस माइंस पर खनन कार्य करने के लिए पुरुष मजदूरों को 300 और महिला मजदूरों को 250 रुपए दिए जाते थे। यह मेहनताना काफी कम है। गरीब तबके के लिए इनके पेट भरने का यही एकमात्र साधन था। हादसे का शिकार हुए हिंगलाज और प्रहलाद दोनों भाई-बहन हैं। दोनों एक साथ सुबह खदान पर मजदूरी के लिए निकले थे। इन दोनों को मिलाकर घर में 6 भाई बहन थे। हादसे में जान गंवाने वाले गणेश उर्फ जगदीश पुत्र नाथू भील अपने छह भाई-बहनों में सबसे छोटा है। गणेश के मां-बाप की पहले ही मौत हो चुकी है।

# बाढ़ में डूबा पुल, ट्रैक्टर ट्यूब से पार्वती नदी पार करा रहे लोग


**कोटा-बारां/एजेंसी।**



राजस्थान के बारां और एमपी में हुई भारी बारिश से राजस्थान से मप्र का (छबड़ा-गुगोर-गुना वाया फतहगढ़) का संपर्क टूट गया है। पार्वती नदी उफान पर है। अवैध ट्यूब संचालक लोगों की जान जोखिम में डालकर नदी पार करा रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों की मोटसाइकिल भी ट्यूब में रखकर पार कराई जा रही है। इसके लिए ट्रैक्टर के ट्यूब का इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्यूब संचालक लोगों से नदी पार कराने के मुंह मांगे पैसे ले रहे हैं। पार्वती नदी का एक छोर बापचा, छबड़ा, कवाई थाने में आता है। जबकि दूसरा छोर एमपी की सीमा में आता है। पार्वती नदी का डेढ़ किलोमीटर एरिया छबड़ा थाना क्षेत्र में आता है। यहां दो पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगी हुई है। इसके बावजूद अवैध ट्यूबों का संचालन रोज हो रहा है। जो पुलिस को देखकर पानी में ही रास्ता बदल लेते हैं। जब पुलिसकर्मियों से नदी में ट्यूबों के अवैध संचालन के बारे में पूछा गया तो कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि ये इनका रोज का काम है। एमपी बॉर्डर पर फतहगढ़, हमीरपुर, पाटी गांव के लोग रोजगार व खरीदारी के लिए छबड़ा आते हैं। वर्तमान में गुगोर पार्वती पुलिया पर पानी की आवक होने से पुलिया डूब जाती है, जिससे राजस्थान और एमपी से संपर्क टूट जाता है। इसका फायदा उठाकर ट्यूब संचालक उफनती नदी में लोगों की जान जोखिम में डालकर अवैध तरीके से नदी पार करा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन को इसकी कोई जानकारी ही नहीं है।

# मोटीवेशनल टॉक का आयोजन

**जयपुर ( अशोक शर्मा )।**



जगत पुरा स्थित विवकानंदा ग्लोबल विश्वविद्यालय में गुरुवार को अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर माय स्नरू और शाओमी इंडिया के सहयोग से एक मोटीवेशनल टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. विजय वीर सिंह प्रेसिडेंट VGU, ने मुख्य अतिथि सुश्री सुरभि मिश्रा, स्क्वैश खिलाडी एवं श्री अशोक असोपा , अंतराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाडी को शॉल भेंट कर किया और युवाओं को अपने आशिर्वचनो से लाभांवित किया। इस अवसर पर सुश्री सुरभि मिश्रा ने युवाओं को बड़े सपने देखने के साथ साथ सतत् प्रयासरत रहने के लिए कहा। आरजे नैनी ने युवाओं को मनोरंजक तरीके से अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अग्रसर रहने और भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान को सार्थक बनाने के लिए प्रोत्साहित किया एवं श्री अशोक असोपा ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क पर ज़ोर दिया एवं बच्चों को खेलो से जुड़े लाभ से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ मनिषा चौधरी, डॉ श्वेता चौधरी, अनादि त्रिखा का विशेष योगदान रहा।

## सुभाष बैरवा राजस्थान मीडिया प्रभारी बने

**जयपुर/ब्यूरो।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के बोली तहसील में छोटे से गांव पुरा गुलाब सिंह के रहने वाले सुभाष बैरवा पुत्र हजारी लाल बैरवा जो की मध्यवर्गी परिवार से हैं जिन्होंने गरीबी के चलते कभी नहीं घबराए बल्कि अपने मकसद को पाने के लिए जी तोड़ मेहनत की सुभाष बैरवा ने बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से लेकर राजस्थानी फिल्म भोजपुरी सिनेमा तक अपनी पहचान बनाई आज सुभाष बैरवा को अपनी पहचान बताने की जरूरत नहीं है पिछले दो साल से मिडिया में काम कर रहे सुभाष बैरवा ने जयपुर मे कोविड-19 जैसी महामारी में प्रशासन के साथ मिलकर गरीब परिवार की सहायता की आज मानव सेवा संस्था द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मनीष बंदावल व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीत पांडे जी द्वारा सुभाष बैरवा को मानव सेवा संस्था का राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया।

**हाईस्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड**

रजि. ऑफिसः बी-17, द्वितीय तल, 22 गोदाम इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302006, राज.
दूरभाषः 0141-2214074, 2211658
फैक्ट्री : एफ-86, हीरावाला इंडस्ट्रीयल एरिया, कानोता, जिला-जयपुर-302012, राज.
वेबसाईट : www.highstreetfilatex.in ई-मेल : highstreet.filatex@gmail.com

**30.06.2021 को समाप्त तिमाही के लिए अनांकेक्षित वित्तीय परिणाम का सार** (रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.21 अनांकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.21 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2020 अनांकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.21 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.58 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं से पूर्व) | (7.21) | (7.17) | (6.25) | (22.55) |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) (कर, असाधारण एवं/अथवा असाधारण वस्तुओं के पश्चात) | (7.21) | (7.17) | (6.25) | (22.55) |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (7.21) | (7.17) | (6.25) | (22.55) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)] | (7.21) | (7.17) | (6.25) | (22.55) |
| 6. | समता अंश पूंजी | 64.70 | 64.70 | 64.70 | 64.70 |
| 7. | रिजर्व (गत वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र में प्रदर्शित पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | 339.71 |
| 8. | प्रति शेयर आय (अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) (सतत एवं असतत परिचालनों से) | | | | |
| | मूलः | (1.11) | (1.11) | (0.97) | (3.49) |
| | तरलः | (1.11) | (1.11) | (0.97) | (3.49) |

नोट :
1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व अवं प्रकटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई तिमाही के वित्तीय परिणामो के विस्तृत प्रारूप का सार है। समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामो का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.highstreetfilatex.in पर उपलब्ध है।
2) # असाधारण और/असाधारण वस्तुओं को Ind-AS नियमों / AS नियमों के अनुसार लाभ और हानि के विवरण में, जो भी लागू हो, समायोजित किया गया है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते हाईस्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड
भगवान सिंह
पूर्ण कालीन निदेशक
DIN : 02305246

स्थान : जयपुर
दिनांक : 11 अगस्त, 2021

**हाईस्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : बी-17, द्वितीय तल, 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जपयुर-302006 (राज.) दूरभाषः 0141-2214074, 4025431
सी आई एन : L18101RJ1994PLC008386 वेबसाईट : www.highstreetfilatex.in ई-मेल : highstreet.filatex@gmail.com

**हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड की 27वीं एनुअल जर्नल मीटिंग की सार्वजनिक सूचना, जो कि वीडियो कांफ्रेसिंग ("वीसी") या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") और रिमोट ई-वोटिंग जानकारी की सूचना देने के लिए है।**

सूचित किया जाता है की मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉर्पोरेट अफेयर्स, के सर्कुलर (एमसीए सर्कुलरस) न. 14/2020 दिनांक अप्रैल 08, 2020, सर्कुलर न. 17/2020 दिनांक अप्रैल 13, 2020, सर्कुलर न. 20/2020 दिनांक मई 05, 2020 तथा 02/2021 दिनांक जनवरी 13, 2021 तथा सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ़ इंडिया के सर्कुलर (सेबी सर्कुलरस) न. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक मई 12, 2020तथा SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक जनवरी 15, 2021 के अनुसरण में हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड की 27वीं एनुअल जर्नल मीटिंग **सोमवार, 27 सितम्बर, 2021 को दोपहर 02:00 बजे,** सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना **वीडियो कांफ्रेसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ('ओएवीएम')** के द्वारा आयोजित की जाएगी।

कोविड-19 की स्थिति के कारण एवं एमसीए सर्कुलरस तथा सेबी सर्कुलरस के अनुसरण में कंपनी की एनुअल रिपोर्ट तथा ए.जी.एम का नोटिस सिर्फ उन अंश धारकों को इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में ही भेजा जायेगा जिनकी ई-मेल कंपनी या डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट के पास रजिस्टर्ड है। 27वीं एनुअल जर्नल मीटिंग का नोटिस और एनुअल रिपोर्ट की भौतिक प्रतियों को भेजने की आवश्यकता उपर्युक्त एमसीए सर्कुलरस तथा सेबी सर्कुलरस के अनुसरण में ख़ारिज की गई है।

सदस्य 27वीं एनुअल जर्नल मीटिंग को सिर्फ वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ही अटेंड कर सकते है तथा ये लोग ही कंपनी अधिनियम, 2013 के सेक्शन 103 के अनुसार मीटिंग कोरम की गणना में सम्मिलित किये जावेगे। 27वीं एनुअल जर्नल मीटिंग में जुड़ने तथा रिमोट ई-वोटिंग/ 27वीं ए.जी.एम के समय रिमोट ई-वोटिंग में सहभागिता का तरीका 27वीं एनुअल जर्नल मीटिंग के नोटिस में दिया जायेगा। ए.जी.एम का नोटिस तथा एनुअल रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.highstreetfilatex.in** और बी.एस.इ इंडिया की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर उपलब्ध किया जायेगा। ए.जी.एम का नोटिस सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड **www.evotingindia.com** पर भी उपलध करवाया जायेगा।

**ईमेल रजिस्टर करवाने का तरीका :**

अ. जिन सदस्यों के शेयर डीमेट में है और उनकी ईमेल डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट/कंपनी के पास रजिस्टर नहीं है तो वे अपने डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट (जहा उनके शेयर्स है) उनसे संपर्क करके रजिस्टर करवा सकते है।

ब. जिनके शेयर्स भौतिक रूप में है वे लोग कंपनी के RTA से उनकी ईमेल **beetalrta@gmail.com** पर संपर्क करके रजिस्टर करवाए।

अगर कोई व्यक्ति ये नोटिस भेजने के पश्चात कंपनी के अंशधारक बनता है और कट ऑफ डेट जो की **सोमवार, सितम्बर 20, 2021** को अंश धारक है, **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर रिक्वेस्ट भेज और/या श्री राकेश दलवी मेनेजर, 25th floor Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds NM Joshi Marg, Lower parel (E) Mumbai-400013 या 18002005533 पर संपर्क कर एनुअल जर्नल मीटिंग का नोटिस तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 की एनुअल रिपोर्ट प्राप्त कर सकता है, तथा एनुअल जर्नल मीटिंग को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से जुड़ने तथा इ-वोटिंग के लिए लॉग इन की सूचना प्राप्त कर सकता है। सदस्य कंपनी सचिव को कंपनी के ईमेल **highstreet.filatex@gmail.com** पर भी लिख सकते है।

निदेशक मण्डल की आज्ञा से
कृते **हाईस्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड**
ह/- विभोर कुमावत
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी ACS-55710

स्थान : जयपुर
दिनांक : 11.08.2021

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो.** 9868155089, 9829193560 **फोन नं.** 0141-2570653 **(RNI No. RAJHIN/2004/12833)**